# मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया एकाउंट संधारण एवं संचालन हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण

निविदा सूचना क्र. **T202226001**/सोशल मीडिया/2022 नवा रायपुर, दिनांक 20 /04/2022

## //निर्धारित तिथि//

| | |
|---|---|
| निविदा **प्रपत्र का शुल्क** | रूपये **2,360/-** (वापसी योग्य नहीं) |
| **अमानत** राशि | राशि रूपये **3,00,000/-** (बिना **ब्याज** के वापसी योग्य) |
| निविदा में **भाग** लेने हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम **तिथि** | दिनांक **12/05/2022 समय** दोपहर **2:00** बजे **तक** |
| ऑनलाईन निविदा **जमा** करने की अंतिम तिथि | दिनांक **12/05/2022 समय अपरान्ह 3:00** बजे **तक** |
| ऑनलाईन **जमा** तकनीकी **प्रस्ताव प्रपत्र** खोलने की तिथि | दिनांक **12/05/2022 समय सायं 4:00** बजे से |
| कार्य योजना के **प्रस्तुतिकरण** | **दस्तावेज में योग्य पाये गए फर्मो को कार्य योजना प्रस्तुतिकरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।** |
| ऑनलाईन **जमा** फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि | **प्रस्तुतिकरण पश्चात निर्धारित अंकों में से कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले फर्मों को फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि एवं समय पृथक से सूचित किया जाएगा।** |


**छत्तीसगढ़ संवाद**

(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर

फोन नं. 0771-2512580

**Web :- http://samvad.cg.nic.in/ , Email :- cgsamvad@gmail.com**

# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, छ.ग.**

**फोन नं. 0771-2512508**


## मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया एकाउंट संधारण एवं संचालन हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण

1. छत्तीसगढ़ संवाद फर्म एवं सोसायटी अधिनियम 1973 के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसायटी है। छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा शासन के विभिन्न विभागों, निगम-मण्डलों एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं अन्य जानकारियों, उपलब्धियों के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाता है।

2. उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र:-

मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया के फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम एवं अन्य प्रचलित प्लेटफॉर्म के लिए कंटेन्ट राइटिंग, इंफोग्राफिक्स, फोटो, वीडियो शेयर करने समेत एकाउन्ट प्रबंधन एवं संचालन संबंधी समस्त कार्य जिसमें डिजिटल एडिटिंग एवं लाईव प्रसारण कार्य भी शामिल है।

**मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया के प्रबंधन एवं संचालन हेतु:-**

- फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम एवं अन्य प्रचलित प्लेटफॉर्म के लिए कन्टेंट राइटिंग, फोटो, वीडियो, डिजिटल एडिटिंग, इन्फोग्राफिक्स शेयर करने सहित सभी कार्य।
- जनसंपर्क विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए समस्त लाईव फीड का सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक साथ लाईव प्रसारण।
- प्रति माह न्यूनतम 2 कार्यक्रम एवं अधिकतम 5 कार्यक्रम लाईव प्रसारण स्वयं के संसाधन एवं कैमरामेन के माध्यम से।
- लाईव प्रसारण हेतु सॉफ्टवेयर, इंटरनेट, आवश्यक मानव एवं भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निविदा में भाग लेने वाले फर्म की होगी।
- मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में इंगेजमेन्ट की मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन।
- आयुक्त/संचालक, जनसंपर्क संचालनालय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के निर्देश पर एकाउन्ट संधारण एवं संचालन का कार्य किया जाएगा।

3. न्यूनतम वांछनीय शर्तें:-

निविदाकर्ता फर्म को टेक्निकल बिड में निम्नलिखित दस्तावेज ऑनलाईन जमा किया जाना है:-

(1) छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का जीएसटी पंजीयन की प्रति।

(2) पैन कार्ड की प्रति।

(3) माह फरवरी 2022 की 3GSTR-3B की प्रति।

(4) Assessment Year 2019-20 एवं 2020-21 का आयकर रिटर्न की प्रति।

(5) Financial Year 2019-20 एवं 2020-21 के सी.ए. से सत्यापित टर्नओव्हर प्रमाण-पत्र। दो वर्षों का औसतन न्यूनतम टर्नओव्हर रू. 50 लाख होना अनिवार्य है।

(6) निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 2,360/- जीएसटी सहित (वापसी योग्य नहीं) एवं अमानत राशि रू. 3,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) छत्तीसगढ़ संवाद के बैंक खाता में ऑनलाईन/ आरटीजीएस के माध्यम से जमा करना होगा एवं पावती/साक्ष्य की प्रति ऑनलाईन टेक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा।

छत्तीसगढ़ संवाद के बैंक खाता का विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| **Account Name** | : | **Chhattisgarh Samvad** |
| **Bank Name** | : | **Axis Bank Ltd.** |
| **Branch Name** | : | **Pandri, Raipur (C.G.)** |
| **Saving Account No.** | : | **139010100021669** |
| **IFSC Code No.** | : | **UTIB0000139** |

(7) उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र में उल्लेखित कार्यों के संपादन संबंधी कार्यादेश की प्रतियां/कार्य संपादन संबंधी प्रमाण-पत्र अथवा भुगतान प्राप्ति की साक्ष्य की प्रतियां।

(8) निर्धारित प्रारूप में रू. 50/- का स्टाम्प पेपर में यह शपथ-पत्र दिया जाना होगा कि संबंधित फर्म किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाओं में ब्लैक लिस्टेड नहीं है, टेक्निकल बिड में प्रस्तुत सभी अभिलेख पूर्णतःसही है और सत्यापन के समय कोई प्रमाण-पत्र गलत पाए जाने पर उसे छत्तीसगढ़ संवाद की सूचीबद्धता से अगले तीन वर्षों तक के लिए अपात्र घोषित कर दिया जायेगा।शपथ पत्र आनलाइन जमा किया जाना है एवं मूल प्रति दिनाँक 12.05.2022 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक छत्तीसगढ़ संवाद भवनए नवा रायपुर के भूतल में स्थित कक्ष क्रमांक GF-10 इलेक्ट्रानिक शाखा में जमा करना होगा।

(9) संस्था में सेवारत विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों की सूची एवं बायोडाटा, कार्य अनुभव की फर्म द्वारा सत्यापित प्रतियां।

(10) छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा पहले चरण में टेक्निकल बिड में ऑनलाईन जमा दस्तावेजों के परीक्षण पश्चात निविदाकार की योग्यता के अनुसार निविदाकारों की एक सूची तैयार की जाएगी एवं पीपीटी प्रस्तुतिकरण पश्चात तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर योग्य पाए गए निविदाकारों का वित्तीय निविदा प्रस्ताव (फाइनेन्शियल बिड) खोली जाएगी एवं चयन क्यूसीबीएस (QCBS) के आधार पर किया जाएगा।

(11) जिन निविदाकारों द्वारा न्यूनतम तकनीकी अंक (कुल अंक का 70 प्रतिशत) की अर्हता को पूर्ण किया जाएगा उनकी वित्तीय निविदा प्रस्ताव का मूल्यांकन बिन्दु क्रमांक 7(ब) एवं 7(स) में दर्शित सूत्र के अनुसार किया जाएगा।

(12) उपरोक्त रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य तथा आवश्यकतानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी /अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के निर्देशानुसार वांछित सृजनात्मक कार्य संपादन हेतु निविदाकार फर्म के पास निम्नलिखित मानव संसाधन अथवा वांछित योग्यता रखने वाले मानव संसाधनों के साथ न्यूनतम 2 वर्ष का सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में अनुबंध निष्पादित होना आवश्यक हैः-

| क्र. | नाम | पद संख्या | योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| (1) | टीम लीडर | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय से स्नातक | मल्टिमीडिया कैंपेन तथा सोशल मीडियाए प्रमोशनल कम्युनिकेशंस तैयार करने के कार्य का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। |
| (2) | कन्टेंट राइटर (अंग्रेजी) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से इंग्लिश लिटरेचर या अंग्रेजी माध्यम से किसी भी विषय में स्नातक | अंग्रेजी कन्टेंट राइटिंग का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |
| (3) | कन्टेंट राइटर (हिन्दी) | 02 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से हिन्दी लिटरेचर या हिन्दी माध्यम से किसी भी विषय में स्नातक | हिन्दी कन्टेंट राइटिंग न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |
| (4) | ग्राफिक डिजाइनर | 02 | किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं फोटो शॉप, कोरल-ड्रा डिज़ाइनिंग का ज्ञान। | कम्युनिकेशन मटेरियल यथा पोस्टर, ब्रोशर, विज्ञापन, पाम्पलेट लीफलेटए कॉफीटेबल बुक आदि क्रिएटिव कार्य का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |
| (5) | वीडियो एडिटर | 01 | वीडियो एडिटिंग साफ्टवेयर में कार्य करने का ज्ञान | संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |
| (6) | कैमरामेन | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं कैमरा संचालन का ज्ञान | संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |
| (7) | तकनीकी संयोजक लाईव प्रसारण हेतु | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं वेबकास्टिंग/लाईव प्रसारण का ज्ञान | संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव। |

**उक्त मानव संसाधनों की योग्यता एवं अनुभव के साक्ष्य हेतु निविदाकर्ता फर्म द्वारा सत्यापित प्रमाण-पत्र/दस्तावेज ऑनलाईन जमा करना होगा।**

**4. अन्य सामान्य शर्तें:-**

(1) निविदाकर्ता फर्म को टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड ऑनलाईन जमा करना होगा।

(2) यह निविदा दर लागू होने की तिथि से आगामी दो वर्ष के लिए लागू रहेगी। कार्य संतोष जनक पाए जाने पर अनुबंध अवधि में अनुबंधित शर्त एवं दर पर नवीन निविदा अनुमोदन तक अथवा अधिकतम एक वर्ष वृद्धि का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

(3) चयनित फर्म को छत्तीसगढ़ संवाद के साथ निर्धारित प्रारूप में रू. 50/- के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित कर नोटरी से सत्यापित करवाना होगा।

(4) ऑनलाईन जमा टेक्निकल बिड में कोई प्रपत्र त्रुटिपूर्ण होने अथवा वांछित दस्तावेज न पाए जाने की स्थिति में निविदा अमान्य की जाएगी।

(5) टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड ऑनलाईन जमा करने की नियत तिथि 12/05/2022 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्धारित है।

(6) निविदा की किसी भी शर्तों, नियम कंडिका को शिथिल करने अथवा सम्पूर्ण निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद को होगा।

(7) निविदा प्रपत्र जमा करने का आशय यह होगा कि निविदाकार फर्मों को निविदा की सभी शर्तें मान्य है।

(8) चयनित फर्मों द्वारा किए गए सभी कार्य, डाटा, स्क्रिप्ट एवं अन्य सामग्रियों का स्वामित्व जनसंपर्क विभाग का होगा।

(9) अनुबंधित अवधि में कार्य संतोषजनक नहीं होने, कार्यादेश में उल्लेखित समय सीमा के भीतर कार्य संपादित नहीं करने पर कभी भी अनुबंध समाप्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद का होगा।

(10) चयनित फर्म के गंभीर त्रुटि, लापरवाही या अन्य किसी कारण से छत्तीसगढ़ संवाद/शासन के किसी प्रकार की क्षति अथवा प्रतिष्ठा धूमिल होने पर संबंधित फर्म/आवेदक द्वारा जमा अमानत राशि को राजसात की जाएगी एक वर्ष के लिए ब्लेक लिस्टेड किया जा सकता है।

(11) छत्तीसगढ़ संवाद से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। जनसंपर्क विभाग से छत्तीसगढ़ संवाद को भुगतान प्राप्त होने के पश्चात् संबंधित फर्म के देयकों का भुगतान किया जायेगा।

(12) फर्म यदि किसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए है या कोई आपराधिक रिकार्ड पाया गया है तो उनकी निविदा अमान्य किया जाएगा। निविदा अवधि के दौरान कभी भी यदि इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हुई तो अनुबंध समाप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

(13) किसी प्रकार की विवाद की स्थिति निर्मित होने पर न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर, छत्तीसगढ़ ही होगा।

**5. <u>आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता)</u> - किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने एवं 30 दिवस के अंदर समाधान न होने की स्थिति में निर्णय हेतु मामला एकल आर्बिट्रेटर- प्रमुख सचिव/सचिव, जनसंपर्क विभाग को अग्रेषित किया जायेगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बिट्रेशन की कार्यवाही आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलेशन एक्ट, 1996 के अधीन संपादित होगा।**

**6. <u>चयन की प्रक्रिया:-</u>**

(1) फर्म द्वारा टेक्निकल बिड के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण किया जायेगा।

(2) टेक्निकल बिड में निविदा शर्त अनुसार वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले फर्मों को पृथक से प्रस्तुतिकरण (PPT)हेतु सूचित किया जाएगा।

(3) फर्मों द्वारा प्रस्तुतिकरण पश्चात निविदा में निर्धारित अंकों के आधार पर अंक आबंटित किया जएगा। फर्म के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तुतिकरण के आधार पर अंक आबंटन का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

(4) प्रस्तुतिकरण पश्चात निर्धारित कुल 100 अंकों में से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले वाले फर्मों का फाईनेन्शियल बिड खोला जाएगा एवं QCBC के आधार पर फर्म का चयन किया जाएगा।

**7. मूल्यांकन पद्धति-**

**(अ) तकनीकी मूल्यांकन (TS):-**

| क्र. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | कार्य अनुभव<br>1. टर्नओव्हर. **अंक 20**<br>वित्तीय वर्ष 2019-20 अथवा 2020-21 में वार्षिक टर्नओव्हर<br>कुल रू. 50 लाख से 75 लाख तक 10 अंक।<br>कुल रू. 75 लाख से 1.00 करोड़ तक 15 अंक।<br>कुल रू. 1.00 करोड़ से अधिक होने पर 20 अंक।<br>**(साक्ष्य हेतु संबंधी सी.ए. से सत्यापित टर्नओव्हर प्रमाण.पत्र संलग्न करना होगा)**<br>2. **शासकीय/अर्द्धशासकीय/पीएसयू में कार्य अनुभव.** **अंक 15**<br>**साक्ष्य हेतु संबंधित विभाग से जारी कार्यादेश की प्रति संलग्न करना होगा।**<br>3. **अन्य/निजी संस्थाओं का कार्य अनुभव.** **अंक 05**<br>**(साक्ष्य हेतु अन्य संस्थाओं/निजी संस्थाओं से जारी कार्यादेश अथवा संबंधित संस्था को फर्म/निविदाकार द्वारा जारी देयक की प्रति संलग्न करना होगा।)** | 40 |
| 2 | संस्था के पास उपलब्ध Key-Person के योग्यता एवं अनुभव (see Key-Person table below)<br>**(साक्ष्य हेतु योग्यता प्रमाण-पत्र,अनुभव प्रमाण.पत्र संलग्न करना होगा।**<br>**कन्टेंट राइटर एवं डिजाइनर के पे-रोल में होने की स्थिति में पे-स्लिप अथवा अनुबंध में होने पर निष्पादित सेवा अनुबंध की छायाप्रतियां ऑनलाईन जमा करना होगा।**<br>**एक Key- Person को उक्त में से एक ही का अंक प्रदान किया जाएगा।)** | 30 |
| 3 | उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र में उल्लेखित बिन्दुओं के आधार पर तैयार किए गए प्रस्तुतिकरण (PPT) के आधार पर (प्रस्तुतिकरण **के आधार पर अंक आबंटन का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।)** | 30 |
| | **कुल अंक (TS)** | **100** |

Key-Person table (item 2):

| क्र. | **Key- Person** | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| **1** | टीम लीडर | **7** |
| **2** | कन्टेंट राइटर.अंग्रेजी | **5** |
| **3** | कन्टेंट राइटर.हिन्दी (प्रति कन्टेंट राइटर 3 अंक) | **6** |
| **4** | ग्राफिक डिजाइनर (प्रति डिजाइनर 3 अंक) | **6** |
| **5** | वीडियो एडिटर | **2** |
| **6** | कैमरामेन | **2** |
| **7** | लाईव प्रसारण हेतु तकनीकी संयोजक | **2** |

-निविदाकारों की तकनीकी दस्तावेज परीक्षण एवं प्रस्तुतिकरण पश्चात उपरोक्त निर्धारित अंकों के आधार पर अंक आबंटित किया जाएगा एवं न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक के प्राप्तांक वाले निविदाकारों का वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने का विचार किया जाएगा।

## (ब) वित्तीय मूल्यांकन (FS):-

**निविदाकार जो न्यूनतम तकनीकी पात्रता मापदण्ड को पूरा करते हैं और न्यूनतम तकनीकी अंक प्राप्त करते हैं, ऐसे निविदाकारों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोला जाएगा। वित्तीय अंक निम्नानुसार दिए जायेंगे :-**

i. न्यूनतम वित्तीय प्रस्ताव (एल-1) को 100 प्रतिशत अंक दिए जायेंगे।

ii. अन्य निविदाकार के वित्तीय प्रस्ताव का मूल्यांकन निम्नानुसार सूत्र का उपयोग करके किया जाएगा:-

$$\text{वित्तीय अंक (FS: Financial Score)} = \frac{\text{L1 द्वारा प्रदत्त वित्तीय दर}}{\text{विचाराधीन निविदाकार द्वारा प्रदत्त वित्तीय दर}} \times \text{कुल अंक(100)}$$

**<u>(स) कुल मूल्यांकन:-</u>**

क्यूसीबीएस (QCBS) के आधार पर चयनीत निविदाकारों के तकनीकी तथा वित्तीय अंक को निम्नानुसार सूत्र के आधार Weightage (महत्व) दिया जाएगाः

**i. तकनीकी अंक (TS) = 80%**

**ii. वित्तीय अंक (FS) = 20%**

प्रत्येक निविदाकार के लिए कुल अंक (S) = 0.80 X तकनीकी अंक (TS) +0.20 X वित्तीय अंक (FS)

उपरोक्त सूत्र का उपयोग करके सफल निविदाकार का चयन किया जाएगा। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले निविदाकार को सफल निविदाकार के रूप में चुना जाएगा।

**(नोटः उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले सफल निविदाकार द्वारा प्रदत्त वित्तीय दर पर कार्यादेश प्रदान किया जाएगा एवं दर अधिक होने की स्थिति में नेगोशिएशन कर यथोचित दर निर्धारण किया जाएगा।)**

8. निविदा कर्ता फर्म को टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट **http://samvad.cg.nic.in/** में ऑनलाईन जमा करना होगा।

9. उक्त निविदा के नियम शर्तों, तिथि या अन्य किसी प्रकार की संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जाएगी। मात्र छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट **http://samvad.cg.nic.in/** में संशोधन की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर अटल नगर

## ऑनलाईन टेक्निकल बिड जमा करने हेतु प्रारूप

**टेक्निकल बिड हेतु निम्नलिखित दस्तावेज क्रमवार ऑनलाईन जमा किया जाना है:-**

| क्र. | विवरण | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | फर्म/संस्था का नाम | |
| 2 | संस्था का छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकृत स्थापना पंजीयन/गुमाश्ता लायसेंस | |
| 3 | पैन क्रमांक.................................................(छायाप्रति संलग्न) | |
| 4 | जीएसटी पंजीयन क्रमांक .......................................(छायाप्रति संलग्न) | |
| 5 | कार्यालय का पूर्ण पता ...............................................................................<br>दूरभाष नंबर ................................................<br>मोबाईल नंबर ................................................<br>E-mail ID – ................................................<br>(पंजीकृत कार्यालय/ब्रांच कार्यालय एवं अन्य जानकारियां पृथक पृष्ठ में संलग्न) | |
| 6 | निविदा फार्म लागत शुल्क रू. 2,360/- का छत्तीसगढ़ संवाद के बैंक खाते में जमा करने के पश्चात प्राप्त पावती/साक्ष्य की प्रति। | |
| 7 | अमानत राशि रू. 3,00,000/- का छत्तीसगढ़ संवाद के बैंक खाते में जमा करने के पश्चात प्राप्त पावती/साक्ष्य की प्रति। | |
| 8 | फर्म का Assessment Year 2019-20 एवं 2020-21 का आयकर रिटर्न की प्रति। | |
| 9 | चार्टर्ड एकाउन्टेंट से सत्यापित वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में औसतन कम से कम रू. 50 लाख का वार्षिक टर्नओवर होने का प्रमाण-पत्र। | |
| 10 | फर्म को फरवरी 2022 का GSTR-3B की जमा प्रति प्रस्तुत करना होगा । | |
| 11 | निविदा प्रपत्र के बिन्दु क्र. (2) के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र में उल्लेखित कार्यों के संपादन संबंधी कार्यादेश की प्रतियां/ कार्य संपादन संबंधी प्रमाण-पत्र अथवा भुगतान प्राप्ती की सत्यापित प्रतियां (पृथक से कार्यवार सूची संलग्न करें) | |
| 12 | संस्था में भागीदार या सेवारत विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों की सूची एवं बायोडाटा (पृथक-पृथक पृष्ठ में) एवं अनुभव प्रमाण-पत्र की नियोक्ता (फर्म/निविदाकार) से सत्यापित प्रतियां | |
| 13 | विशेषज्ञ/Key Persian पे-रोल में होने की स्थिति में पे-स्लिप अथवा अनुबंध में होने पर निष्पादित सेवा अनुबंध की छायाप्रतियां | |
| 14 | निर्धारित प्रारूप में (रू. 50/- के स्टाम्प पेपर में) शपथ-पत्र एवं अन्य दस्तावेज- (विवरणवार पृथक से सूचीबद्ध एवं पेज नम्बरिंग कर प्रस्तुत कर सकते हैं) | |

रू- 50/- के स्टाम्प पेपर के साथ

**शपथ पत्र**

मैं.............संस्था प्रमुख निवासी ..................छग संवाद द्वारा जारी निर्धारित नियम एवं शर्त तथा अनुबंध का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के पश्चात ही उपरोक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। उपरोक्त आवेदन में अंकित कोई भी जानकारी अपर्याप्त/अधूरी या फिर गलत पाई जाती है तो इसे अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग संवाद को होगा। इस बारे में मेरे या संस्था के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह की अपील या आपत्ति किसी क्षेत्र में नहीं की जायेगी। मुझे छग संवाद की उपरोक्त से संबंधित सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है।

यह कि जब विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित तिथि पर मेरी संस्था का प्रजेन्टेशन किया जायेगा, उस समय मैं समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी संस्था का प्रजेन्टेशन कराउगां/कराउंगी। प्रजेन्टेशन उपरांत समिति का निर्णय मुझे मान्य होगा। इसके साथ ही मैं किसी प्रकार के व्यय का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।

यह कि हमारी संस्था ..................या मैं स्वयं किसी शासकीय और अर्द्ध शासकीय विभाग द्वारा ब्लेक लिस्टेट काली सूची नहीं है।

स्थान ..........

दिनांक .........

हस्ता.

(पूरा नाम)

संस्था का नाम व मोहर

# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, छ.ग.

# वित्तीय निविदा प्रस्ताव

## Financial Bid

## (ऑनलाईन जमा किया जाना है)

<u>मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्रबंधन एवं संचालनः</u>

| क्र. | विवरण | एकमुश्त मासिक दर (जीएसटी अतिरिक्त)<br>राशि रू. (अंकों में तथा शब्दों में) |
|---|---|---|
| 1 | **मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया के प्रबंधन एवं संचालन हेतुः-**<br>• फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम एवं अन्य प्रचलित प्लेटफॉर्म के लिए कन्टेंट राइटिंग, फोटो, वीडियो, डिजिटल एडिटिंग, इन्फोग्राफिक्स शेयर करने सहित सभी कार्य<br>• जनसंपर्क विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए समस्त लाईव फीड का सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक साथ लाईव प्रसारण।<br>• प्रति माह न्यूनतम 2 कार्यक्रम एवं अधिकतम 5 कार्यक्रम लाईव प्रसारण स्वयं के संसाधन एवं कैमरामेन के माध्यम से<br>• लाईव प्रसारण हेतु सॉफ्टवेयर, इंटरनेट, आवश्यक मानव एवं भौतिक संसाधन निविदा में भाग लेने वाले फर्म की होगी<br>• मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में इंगेजमेन्ट की मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन। | |

**हस्ताक्षर**
**(पूरा नाम)**
**संस्था का नाम व मोहर**